25- APR- ALL BHOOMI-Pg- 1 JECKET_Layout 1 4/25/2025 8:57 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025





## खबर संक्षेप



### सांसद प्रतिनिधि ने मरीजों का जाना कुशलक्षेम

**कोरबा।** ग्राम पंचायत भैसमा के आश्रित ग्राम पहरीपारा के ग्रामीण स्व बिसाहूदास महंत चिकित्सालय में उपचार कर रहे फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए 43 बच्चों सहित 8 लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी सांसद ज्योत्सना महंत पल पल लेती रही। सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने मरीजों से मिलकर उनके परिजनों से कुशलक्षेम जाना। बीमार बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया है व 6 बच्चे का उपचार जारी है। वहीं 5 महिला व 5 पुरुष मरीज का भी उपचार चल रहा है। मेडिकल कालेज के डीन डॉ सहारे, चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ गोपाल कंवर, उप अधीक्षक डॉ जाटवर के निर्देशन में चिकित्सको व नर्सिंग स्टाफ की टीम ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

### सेलून संघ हरदीबाजार ने मनाई सेन महाराज की जयंती



**हरदीबाजार।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरदीबाजार व्यावसायिक सेलुन संघ के द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज का जन्मोत्सव श्री सप्तदेव दुर्गा मंदिर मेंन रोड हरदीबाजार के परिसर में मनाया गया। इस दौरान सभी सदस्यों ने सामाजिक एकता के लिए निर्णय लिया गया तथा किसी भी सामाजिक सेलुन कर्मचारियों पर होने वाले अत्याचार या उत्पीड़न के विरुद्ध एक स्वर में आवाज उठाने की शपथ लिया गया है साथ ही साथ किसी भी सामाजिक व्यक्ति के उत्पीड़न में शामिल आरोपी को हर तरह से बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यावसायिक श्रीवास सेलुन संघ से अध्यक्ष जगदीश प्रसाद श्रीवास, घनश्याम (गुडडा) श्रीवास, गणेश राम श्रीवास, ईश्वर प्रसाद श्रीवास, अमित कुमार श्रीवास, तीजराम श्रीवास, टुकेश्वर श्रीवास, रवि श्रीवास, दीपक श्रीवास, परदेसी श्रीवास, शिव प्रसाद श्रीवास जितेंद्र श्रीवास, बसंत श्रीवास धर्म श्रीवास, कमलेश श्रीवास, कामता श्रीवास, सोनू श्रीवास रेकी से धनु श्रीवास, अश्वनी श्रीवास उपस्थित रहे।

### नेचुरल फार्मिंग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**कोरबा।** नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत जिले के तीनों विकासखंडों में 700 हेक्टेयर में नेचुरल फार्मिंग के लिए गांवों का चयन किया गया है। इसके लिए 50 हेक्टेयर के 14 कलस्टर बनाए गए हैं और प्रत्येक कलस्टर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत स्वयं सहायता समूह की दीदियों को कृषि सखी के रूप में चयनित किया गया है। इन कृषि सखियों को योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, यह कृषि सखियां चयनित गांवों में योजना के तहत क्रियान्वयन के लिए किसानों के बीच योजना की जानकारी देंगी और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। इस प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता, कार्यालय उप संचालक कृषि से रोजेंद्र प्रसाद गुप्ता और अंशुल जायसवाल, तथा क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### धूल उड़ने से आवागमन करने वालों को हो रही परेशानी

**कोरबा।** सर्वमंगला मंदिर के पास बने नए उरगा गेवरा रेल ब्रिज के ठीक नीचे सड़क नहीं बनने से लगातार धूल डस्ट उड़ रहा है। जिससे राहगिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार आंदोलन के पश्चात ही यहां कार्य में तेजी आई और सीसी सड़क निर्माण को पूर्ण किया गया है। वहीं रेल ब्रिज बनने के बाद नीचे की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे वाहन गुजरने से सड़क से बड़ी मात्रा में धूल डस्ट उड़ती है।

## पृष्ठ 3 का शेष

### डीएमएफ से 46 स्कूलों...

में उक्त आलमारी का उपयोग नहीं हो रहा है। स्कूल प्रबंधन की मानें तो साइज की वजह से उसे किसी कमरे में सेट करना मुश्किल काम है। कुछ स्कूल प्रबंधन ने कक्षा के एक कमरे में उसे सेट किया गया। उसके बाद से उक्त कमरे का उपयोग स्कूल प्रबंधन नहीं कर पा रहा है और न ही अब तक उस कॉम्पेक्ट आलमारी में न ही कुछ सामान रखे गए हैं। जब भौतिक सत्यापन के निर्देश जारी किए गए तब इस मामले की हकीकत सामने आई और आलमारी के उपयोग नहीं होने का खुलासा हुआ। रुमगरा हाई सेकेंडरी स्कूल से लेकर गोपाल हायर सेकेंडरी स्कूल तथा बालको आत्मानंद स्कूल एवं पाली कटघोरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी कॉम्पेक्ट आलमारी की सप्लाई हुई है। इनके भौतिक सत्यापन में कई कॉम्पेक्ट अलामारी खाली पड़ी नजर आई।

## दूसरे तल में शुरू होगा आपरेशन थियेटर, डीएमएफ से मिले 1.13 करोड़ रुपए

# ट्रामा सेंटर में बढ़ेंगे 70 बेड तंदुरुस्त होगी स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




तीन साल से खाली पड़े ट्रामा सेंटर के प्रथम तल में 70 अतिरिक्त बेड सुविधा की विस्तार की जाएगी। तीसरे तल मंन बंद पड़े आपेरशन थियेटर का भी उपयोग शुरू किया जाएगा। मरीजों को ऊपर कक्ष तक ले जाने के लिए रैंप निर्माण में सुधार के साथ कमरों का नए सिरे से जौणर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए जिला खनिज न्यास मद से शासन ने 1 करोड़ 13 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई है।

चिकित्सा सुविधा को विस्तार देने के लिए जिला मेडिकल कालेज अस्पताल परिसर में 13 करोड़ रुपये की लागत से ट्रामा सेंटर का निर्माण छह साल पहले किया गया था। निर्माण के बाद इसे संचालन के लिए तात्कालिन समय में बालाजी निजी चिकित्सा संस्था को हस्तांतरित किया गया था। कोरोना काल के बाद बालाजी चिकित्सा संस्थान ने शासन की हस्तांतरण वापस कर दिया। तब से यह भो खाली पड़ा था। मेडिकल कालेज अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रबंधन ने फिर से यहां मरीजों भर्ती शुरू की है। वर्तमान में इस भवन के केवल ग्राउंड फ्लोर का ही उपयोग हो रहा है। यहां 40 बेड लगाने की सुविधा है। कक्ष में पर्याप्त जगह नहीं होने की वजह से बरामदे में भी वैकल्पिक 30 बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वर्तमान अस्पताल के बरामदे में प्रथम और दूसरे ताल में मरीजों को ले जाने के लिए रैंप का निर्माण तो किया गया है, जिसका चढ़ाव का कोण 50 डिग्री है। तात्कालिक समय में निर्माण में की गई गड़बड़ी की वजह से रैंप में स्ट्रेचर तो क्या सामान्य रूप से आवागमन मुश्किल है। रैंप को उपयोग में लाने ढालान का कोण 30 डिग्री होना आवश्यक है। रैंप का अब तक उपयोग नहीं हुआ है। बालाजी ट्रामा सेंटर संचालन के दौरान मरीजों को ऊपरी कक्ष में ले जाने के लिफ्ट का उपयोग किया जाता था जो बंद हो चुका है। रैंप का निर्माण होने से मरीजों को आपरेशन थियेटर तक ले जाने में सहूलियत होगी। वर्तमान में मुख्य बिल्डिंग के आपरेशन थियेटर का ही उपयोग हो रहा है। रैंप निर्माण के लिए लोक निर्माण ने निविदा जारी कर दी है। प्रक्रिया पूरा होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

### बंद पड़े चार लिफ्ट भी होंगे शुरू

ट्रामा सेंटर के प्रथम व द्वितीय तल में पहुंचने के लिए चार लिफ्ट बनाए गए है। इनमें दो लिपट मरीजों को उपरी तल से उपयोग के लिए है। वर्तमान में सभी लिफ्ट बंद पड़े हैं। सुधार की जिम्मेदारी तोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल शाखा को दी गई, विभाग ने निविदा भी जानी कर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है रैप निर्माण के पहले ही लिफ्ट में सुधार कर लिया जाएगा।

### एयर कंडीशनिंग कक्ष की भी होगी सुविधा

अस्पताल के ऊपरी तल में कुल 22 कक्ष है। इनमें से आठ कक्ष को आपातकालीन मरीजों के लिए विकसित किया गया था। वर्तमान में अस्पताल के मुख्य बिल्डिंग में आपातकाली मरीजों को रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। परिसर में 50 बेड का अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। जिसे तैयार होने में साल भर का समय लग सकता है। ट्रामा सेंटर एयर कंडीशनिंग कक्ष को फिर से शुरू किया जाएगा।

## असामाजिक तत्वों ने उद्यानों को बनाया अड्डा, पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आम जनता की सुविधा और शहरी सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक उद्यानों का निर्माण और रख-रखाव किया गया है। इन उद्यानों का उद्देश्य नागरिकों को सुकून भरे वातावरण में कुछ पल सुकून से बिताने का अवसर प्रदान करना है। लेकिन हाल के दिनों में इन उद्यानों की स्थिति बिगड़ती नजर आई है।

शहर के प्रमुख उद्यानों में से एक फलोद्यान स्मृति और पुष्पलता उद्यान सहित कई स्थानों पर शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा था। नशे की हालत में झूमते युवक, खुलेआम सिगरेट, गांजा और शराब का सेवन करते हुए देखे जा रहे थे। इससे न केवल पर्यावरण दूषित हो रहा था, बल्कि वहां आने वाले परिवार, महिलाएं और बच्चे असहज महसूस कर रहे थे। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस को लगातार इस तरह की गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। नागरिकों ने बताया कि उद्यानों में शाम के समय जाना मुश्किल हो गया है क्योंकि वहां असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज दल-बल के साथ उक्त उद्यानों में छापेमारी की। नगर निगम और पुलिस विभाग मिलकर सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में और भी उपाय किए जा रहे हैं जैसे कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी बढ़ाना, पार्कों की बाउंड्री को मजबूत करना, और सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति। शहरवासियों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

## जिले के 12 गाइडर्स जलकी एडवेंचर हाइक कैम्प में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कैंप में शामिल स्काउट्स गाइड्स।

स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा गाइडर्स के लिए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर आयोजित किया गया। इस कैम्प में जिले से 12 गाइडर्स (महिला शिक्षक) ने भागीदारी की।

जिले में 22 से 24 अप्रेल तक राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर महासमुंद जिले के ग्राम जलकी स्थित अलोहा रिसोर्ट में आयोजित किया गया। इस शिविर में जिले से गाइडर्स (महिला शिक्षक) पूर्णिमा भट्टाचार्य, शशिकला सोनी, रेणु श्रीवास्तव, नमिता कड़वे, अनिता खलखो, भारती पाल, सावित्री पुलस्त, आसमा कुरैशी, सविता लता, ममता सोनवानी, स्नेहा डडसेना, डिम्पल सिंह ने भाग लिया। जिला स्तरीय दल का नेतृत्व पूर्णिमा भट्टाचार्य ने किया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कैम्प में जिले के अलावा बिलासपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, जांजगीर चांपा, कबीरधाम, दुर्ग, धमतरी जिले से गाइडर्स भी सम्मिलित हुईं। कुल 77 गाइडर्स का राज्य स्तरीय नेतृत्व डीओसी, सक्ती रंजिता राज एवं डीओसी, धमतरी हीना भेंसले ने किया। गाइडर्स ने साहसिक गतिविधियों के तहत जिपलाइन, जायंट स्विंग, रोप ब्रिज, मंकी ब्रिज, टायर वाल क्लाइम्बिंग का लुत्फ उठाया। सिरपुर में ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले स्थल लक्ष्मणेश्वर, गंधेश्वर और शिव मंदिर का दर्शन करते हुए जानकारी प्राप्त की। पौली गार्डन सहित अन्य स्थानों का भी जायजा लिया गया। कैम्प फायर के दौरान गाइडर्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुती दी।

## बालको ने मनाया अग्नि सुरक्षा सप्ताह लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





बालको ने यूनाइट टू इग्नाइट ए फायर सेफ इंडिया थीम के तहत जागरूकता अभियान के साथ राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इसका उद्देश्य बालको के प्रचालन क्षेत्रों और आसपास के समुदाय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता, आपातकालीन प्रतिक्रिया और सक्रिय घटनाओं को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना था। इसमें कर्मचारियों, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 14 अप्रैल से आरंभ हुए साप्ताहिक आयोजन में अग्नि सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए क्विज़, ड्राइंग और स्लोगन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई गई। साथ ही बालको ने समुदाय में सुरक्षा-प्रथम संस्कृति विकसित करने के लिए अग्नि सुरक्षा प्रदर्शनियों, नुक्कड़ नाटक और सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। संयंत्र में अग्नि सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न विभागों की टीमों और व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए अभियान का समापन किया गया। इस अवसर पर कोरबा के अन्य उद्योगों, जैसे कि एनटीपीसी लिमिटेड (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी देखने को मिली, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि अग्नि सुरक्षा हमारे प्रचालन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है। बालको में हम निरंतर जागरूकता, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहे हैं, जिससे हम अपने शून्य हानि दृष्टिकोण को साकार कर सकें। हमारी प्राथमिकता तैयारी, जवाबदेही और एकीकृत प्रतिक्रिया प्रणाली पर केंद्रित है, जो हमारे लोगों की भलाई और संचालन की स्थिरता सुनिश्चित करती है। आईओसीएल के प्रचालन प्रबंधक श्री पैगम्बर सिंह ने बालको की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि आपातकालीन तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं को सुदृढ़ करने में बालको की प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और सहयोग में उनके निरंतर निवेश ने आग से संबंधित आपात स्थितियों के प्रबंधन के लिए क्षेत्र की तत्परता को काफी हद तक बढ़ाया है।

## आईपीएस दीपका में विशेष कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में टाइम मैनेजमेंट विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। वर्कशॉप में मुख्य रूप से रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमति दिव्या मिश्रा उपस्थित थी, जिन्होंने समय के महत्व, समय के सदुपयोग और जीवन में समय के कुशल प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान दिए। प्रोजेक्टर के माध्यम से अलग-अलग चित्रों के द्वारा अपने व्याख्यान को प्रभावशाली बनाने में रिसोर्स पर्सन श्रीमती दिव्या मिश्रा ने कोई कसर नहीं छोड़ी। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं अनवरत अपने विभिन्न शंकाओं का समाधान भी पाते रहे। समय प्रबंधन के बारे में बताते हुए रिसोर्स पर्सन ने कहा कि हम यदि समय के प्रबंधन में कुशल हो गए तो हमें कक्षा में भी पढ़ाते समय क्लासरूम मैनेजमेंट करने में कोई परेशानी नहीं आएगी सर्वप्रथम हमें बच्चों की मानसिकता को समझना होगा । एक स्वस्थ वातावरण पढ़ने और पढ़ाने के लिए निर्मित करना होगा। इसके लिए आवश्यक है हम कक्षा का प्रबंधन कैसे करते हैं, और साथ ही साथ दिए गए कालखंड में समय को कैसे नियोजित करते हैं। इस कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षक देवासीस परीदा, यादवेंद्र सिंह, अनम अंसारी, खुशबू परवीन, अलका वैष्णव, रुमकी हालदार, मधुचंदा पात्रा, अजीता सिंह , सीमा कौर मौसमी बिस्वास आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

### हरदीबाजार कॉलेज में एल्युमनी मीट

**हरदीबाजार।** ग्राम्य भारती विद्या पीठ हरदीबाजार के सन 1998-99 बैच के भूतपूर्व छात्रों एवं प्राध्यापकों का स्नेह सम्मेलन बिलासपुर के होटल बंशीवाल में संपन्न हुआ। जिसमें कोरबा, दीपका, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर,जांजगीर सहित विभिन्न स्थानों पर विविध विभागों में पदस्थ भूतपूर्व छात्रों का आगमन हुआ। संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. टीडी वैष्णव एवं प्राध्यापकगण डॉ.आईके कौशिक, डॉ. केके दुबे, डॉ.अखिलेश पांडेय, महेश वर्मा, अशोक मिश्रा शामिल हुए। सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष श्री कौशिक ने इस कार्यक्रम में गुरुजनों को ससम्मान आमंत्रित करने हेतु पूर्व छात्रों का आभार जताया। अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि कॉलेज के प्राध्यापकों के बीच इस बैच की चर्चा होती रहती है, वे अपने छात्रों की सफलता से बहुत गौरवान्वित होते हैं।

### कोयला कर्मी ने खदान में लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** एसईसीएल के बांकीमोंगरा कोयला खदान के भीतर कार्य कर रहे कोयला कर्मियों के मध्य उस वक्त कड़कंप मच गया जब एक कोयला कर्मचारी की लाश खदान के भीतर ही फंदे में लटकती मिली। दरअसल कोयला कर्मी तुलसी दास हमेशा की तरह सेकेंड शिफ्ट में कार्य करने पंहुचा जहां कुछ देर कार्य करने के बाद एक सुनसान कोने में जा कर इस घटना को अंजाम दिया। बहरहाल बांकीमोंगरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध मादक पदार्थ की बिक्री पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल ढाबों में अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित होटल में अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री करना पाए जाने पर आबकारी विभाग ने सख्त कार्यवाही करते हुए होटल मालिक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा। जानकारी के अनुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल को सूचना मिली कि कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ग्राम करैया के एक होटल में अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री हो रही है, तब उन्होंने 24 अप्रैल को ग्राम करैया पहुंचकर दबिश दी, जिसमें होटल से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। कथित आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), 34 (2), 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय जेएमएफसी कटघोरा में पेश कर उसे 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में मुख्य आरक्षक दसराम सिदार और नगर सैनिक अनिल कांत, कुंदन का सराहनीय योगदान रहा।

## एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया खेलकूद दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केंद्रीय विद्यालय में क्षेत्रीय खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल मैदान को सुंदर रूप से सजाया गया था और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। इस प्रतियोगिता में 25 विद्यालयों से 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी की वीएमसी के अध्यक्ष राजीव खन्ना ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई। प्राचार्य सुनील कुमार साहू का स्वागत लखनराम ने किया गया। मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक अशोक देवांगन तथा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के साथ संगीत समूह के मधुर गायन ने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें वर्ष भर की उपलब्धियों और गतिविधियों का विवरण दिया गया। आयोजन में प्रथम दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ताइक्वांडो प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने आत्मरक्षा के कौशल और अनुशासन का शानदार परिचय दिया। उनकी तालमेल और ऊर्जा ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में 63 खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई ।

## कोरबा मार्केट










अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

25 korba-pg3_Layout 1 4/25/2025 11:59 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 सड़क पर कब्जा कर लगाया गया कबाड़ी दुकान सील



## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**कोरबा।** ब्राह्मणों के आराध्य देवता भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण समाज के द्वारा 29 अप्रैल को शाम 4 बजे एक बाईक रैली सीतामणी राम मंदिर से निकलेगी, जो पुराना बस स्टैंड, टीपी नगर, बुधवारी से व्हीआईपी रोड, आईटीआई होते हुए कोसाबाडी हनुमान मंदिर पहुंचेगी, तत्पश्चात शाम 5 बजे हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी से घंटाघर तक पैदल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में भगवान सीता राम, हनुमान, शिव पार्वती सहित परशुराम की झांकी निकाली जाएगी। कोसाबाड़ी से निकलने वाले शोभायात्रा में कर्मा दल के द्वारा भगवान परशुराम की अगुवाई की जाएगी। यह पैदल शोभायात्रा कोसाबाड़ी, निहारिका होते हुए घंटाघर पहुंचेगी। घंटाघर मे भगवान परशुराम की भव्य आरती के बाद शोभायात्रा का समापन होगा।

### आज बंद रहेगा दीपका सब स्टेशन

**कोरबा।** 26 अप्रैल को प्री-मानसून मेंटनेंस एवं सुधार कार्य के लिए दीपका सब स्टेशन से निकलने वाली दीपका फीडर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी, समय मे अवश्यकता अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है। पाली रोड, बेटिकरी बसाहट, शांति नगर टावर मोहल्ला थाना एरिया कटघोरा रोड बजरंग चौक से समलाई मंदिर प्रभावित क्षेत्र रहेंगे। सभी उपभोक्ताओं को ग्रहा किया गया है कि 26 अप्रैल को दीपका सब स्टैशन बंद रहेगा।

### जन्म प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु निर्देश जारी

**कोरबा।** राज्य में आय, जाति, मूल निवास, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु जिला स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) अजीत वसंत द्वारा जिले में जन्म प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु समस्त नगरीय एवं ग्रामीण जन्म-मृत्यु पंजीयन इकाई के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मितानिन के माध्यम से जन्म की प्रत्येक गैर संस्थागत घटना की साप्ताहिक जानकारी लेकर प्रकरण 21 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जन्म पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

### जिला स्तरीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता 1 को

**बालको।** जिला शतरंज संघ और आर्जवम फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जो 15 से से 19 मई तक बेमेतरा में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय सिलेक्शन प्रतियोगिता का आयोजन 1 मई होटल साईं मंगलम बालको में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता 5 कैटेगरी अंडर -7, 9, 11, 13 एवं 15 में होगा। प्रत्येक कैटेगरी से 2- 2 लड़का लड़की का चयन किया जाएगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधत्व करेंगे। पंजीयन की आखिरी तिथि 29 अप्रैल है,पंजीयन के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों से संपर्क करके पंजीयन राशि देकर बच्चों का पंजीयन करा सकते हैं।

### निःशुल्क बाल समर कैंप का आयोजन कल से

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा कोरबा के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए निःशुल्क 10 दिवसीय 27 अप्रैल से 4 मई तक समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस समर कैंप का मुख्य आकर्षण है म्यूजिकल एरोबिक्स, कला एवं क्राफ्ट, स्मरण शक्ति बढ़ाने वाले खेल, मेडिटेशन एवं शांति अभ्यास, शैक्षिक खेल। उक्त समर कैंप में आयु सीमा 10 वर्ष से 16 वर्ष के विद्यार्थी आमंत्रित है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व सद्भावना भवन टीपी नगर कोरबा में शिविर का समय है सुबह 8 से 9. 30 तक आयोजित किया जाएगा।

# किसान आईडी बनाने गांवों में लगाए जा रहे पंजीयन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फार्मर आईडी के लिए किसानों के चल रहे पंजीयन कार्य के तहत भूविस्वामियों का पंजीयन किया जा रहा है, वहीं वन अधिकार पत्र हितग्राहियों के पंजीयन का कार्य दूसरे चरण में किया जाएगा। कुल 81 हजार 438 किसानों का पंजीयन किया जाना है। अब तक 72 हजार 984 किसानों के पंजीयन की जानकारी मिली है।

अलग खबर

पिछले एक माह से जिले में राजस्व विभाग के द्वारा फार्मर आईडी बनाने के लिए ग्रामीण अंचलों में किसानों के रजिस्ट्रेशन कार्य किया जा रहा है सभी तहसीलदारों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। पंजीयन कार्य का लेट लतीफी होने के कारण समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा तहसीलदारों को इस संबंध में नोटिस भी जारी की गई थी उसके बाद से राजस्व अमला सक्रिय हुआ और ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाने के काम पर तेजी लाई गई और अब तक 72 हजार 984 किसानों का पंजीयन हो चुका है। जबकि 81 हजार 438 किसानों का पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। राजस्व विभाग के माध्यम से होने वाले पंजीयन को लेकर केंद्र सरकार से भी लगातार निर्देश मिले हैं तब कहीं जाकर इस कार्य में तेजी लाई गई है। किसानों के पंजीयन के दौरान वन अधिकार पत्र के हितग्राहियों का भी पंजीयन किया जाना है। उनका भी पंजीयन का कार्य शुरु किया जाएगा। सभी तहसील अंतर्गत वन अधिकार पत्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है। वन अधिकार पत्र हितग्राहियों के द्वारा धान बेचने का कार्य किया जा रहा है एवं इनके वन अधिकार पत्र के रिकार्ड को राजस्व दस्तावेज में दर्ज करने के साथ सहकारी समितियों में इनका पंजीयन भी शुरु हो चुका है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार के निर्देश के तहत वन अधिकार पत्रधारियों का पंजीयन किए जाने का कार्य दूसरे चरण में शुरु किया जाएगा।

### 81 हजार 438 किसानों का करना है पंजीयन

**खास बातें**
- अब तक 72 हजार 984 किसानों का हो चुका है पंजीयन
- ग्रामीण अंचलों में किया जा रहा रजिस्ट्रेशन का कार्य



## भैसमा के ग्राम पहाड़ीपारा का मामला, शादी की बूंदी खाने के बाद बिगड़ी तबियत

# वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए 43 बच्चे और 8 वयस्क हुए फूड प्वाइजनिंग का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर खाद्य पदार्थ का सेवन करना मेहमानों को महंगा पड़ गया। विवाह समारोह में वितरित की जा रही बूंदी के पैकेट को खाने के बाद 51 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। जिनमें एक साल से लेकर 16 साल के उम्र के 43 बच्चे व 8 वयस्क बच्चे शामिल हैं। बूंदी खाने के बाद सभी को उल्टी व दस्त शिकायत होने लगी, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। कुछ को डिस्चार्ज कर दिया गया है वहीं कुछ बच्चों की हालत को देखते हुए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

**खास बात**
- सभी मरीजों को मेडिकल कालेज अस्पताल में किया गया भर्ती, स्थिति सामान्य

जिले के भैसमा तहसील के ग्राम पहाड़ीपारा में निवासरत अमित कुमार सारथी की शादी थी। कार्यक्रम गुरुवार को एक दिन का था। पहाड़ीपारा में गांव के अधिकतर लोग अमित की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। जहां सभी को पॉलिथीन में पैक किया हुआ बूंदी परोसा गया। जिसे खाने के बाद अचानक लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। देर रात लगभग 12 बजे के बाद मरीजों को उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। देखते ही देखते 43 बच्चे व 6 बुजुर्गों की हालत बिकड़ने लगी। सभी 51 मरीजों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की टीम मरीजों के उपचार में जुट गई। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सीएसपी भूषण एक्का सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में वितरित सेव बूंदी का स्वाद अजीब था, खाने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने लगी। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





अस्पताल में भर्ती फूड पायजनिंग के शिकार व बच्चे।



अस्पताल में भर्ती बच्चे।

### खराब भोजन के कारण बिगड़ी तबियत

रात में एक के बाद एक लगातार मरीज आते रहे। अस्पताल में डॉक्टरों व पेडयरिंग की टीम ने मरीजों का इलाज शुरू किया। जहां 3 बच्चों की हालत गंभीर थी, लेकिन अब उन पर नियंत्रण पा लिया गया है। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है। खराब खाने के कारण इनकी तबीयत बिगड़ी है।

\- **कमल किशोर सहारे,** डीन, जिला मेडिकल कॉलेज

# गांव में न बिजली न पानी, नदी को पार कर लाते हैं राशन



कड़ी धूप में पानी लेकर आती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत एकमानगर नगर के अधीन आने वाले थार पखना गांव में बिजली, पानी, सड़क और राशन की दुकान जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। ग्रामीणों को राशन लेने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। जान जोखिम में डालकर राशन लाना पड़ता है। कई बार नदी पार करते समय हादसे भी हो चुके हैं और कुछ लोगों की जान भी जा चुकी है।

**खास बात**
- थार पखना के लोगों की जिंदगी हुई मुश्किल

ग्रामीणों का कहना है कि पुरुष सरपंच के नेतृत्व में वर्षों से कुछ नहीं हुआ, इसलिए इस बार उन्होंने बदलाव की उम्मीद में एक महिला सरपंच का चुनाव किया है। सरपंच शांति बाई ने कहा कि हर महीने ग्रामीणों को राशन लेने के लिए नदी पार करनी पड़ती है, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को दूर जाना पड़ता है। संतोषी नामक एक स्थानीय निवासी ने कहा कि वह अपने परिवार के लिए पानी लेने के लिए हर दिन लगभग एक किलोमीटर चलती है। यदि गांव में हैंडपंप या कुएं के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाए, तो यह उनके जैसे कई महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क नहीं होने से आने-जाने में परेशानी होती है, खासकर गर्मियों में। बुजुर्ग रतन साईं ने कहा कि गांव के बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। गांव में चलने वाले स्कूल में पानी और शौचालय की सुविधा नहीं है। बिजली भी नहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में बिजली, पानी, सड़क और राशन की दुकान जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं। वे चाहते हैं कि सरकार उनकी समस्याओं को सुने और उनका समाधान करें।

# ईओडब्ल्यू की टीम ने तहसीलदार का घर खंगाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में भारतमाला प्रोजेक्ट में जमीन मुआवाजा को लेकर हुए फर्जीवाड़ा मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा ने प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें जिले के कटघोरा अनुविभाग भी शामिल हैं जहां के निवासी एवं वर्तमान में बिलासपुर में पदस्थ तहसीलदार लखेश्वर किरण के कटघोरा स्थित निवास में भी जांच टीम ने कार्यवाही की है।

**खास बात**
- भारतमाला प्रोजेक्ट,बिलासपुर में पदस्थ तहसीलदार के कटघोरा स्थित घर में हुई जांच पड़ताल

छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, भिलाई, आरंग समेत कई जिलों में यह छापेमारी की कार्रवाई की गई है। दोनों एजेंसियों की संयुक्त टीमों ने इन स्थानों पर दस्तावेज़ों और सबूतों को खंगाला है, जो भारतमाला योजना में हुई गड़बड़ियों से जुड़े हो सकते हैं। भारतमाला प्रोजेक्ट केंद्र सरकार की एक अहम सड़क विकास योजना है, जिसके तहत देशभर में सड़कों का निर्माण और विस्तार किया जा रहा है लेकिन छत्तीसगढ़ में इस योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। इन आरोपों के घेरे में कुछ अधिकारी और ठेकेदार बताए जा रहे हैं, जिन पर काम में लापरवाही और घोटाले के आरोप लगे हैं। इनमें कटघोरा निवासी और बिलासपुर जिले में पदस्थ लखेश्वर किरण पदस्थ है जिनके कटघोरा स्थित निवास में एसीबी की टीम पहुंची थी और जांच पड़ताल की कार्यवाही की है। भारत माला प्रोजेक्ट मामले में कोरबा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहे शशिकांत कुर्रे भी शामिल है। जिन्हें शासन ने निलंबित कर दिया है। एसीबी की टीम ने श्री कुर्रे के रायपुर निवास में भी जांच पड़ताल की है।

# नए कानून को लेकर पुलिस अफसरों की लगी क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवीन कानून को लेकर जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जहां न्यायाधीशगणों द्वारा नए कानून को लेकर पुलिस अफसरों को नए कानून के बारे में बताया गया और उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया।

नवीन कानून संहिताओं पर आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों सहित 131 विवेचक शामिल हुए। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित ऑडिटोरियम में नवीन कानून संहिताओं, भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस), एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (बीएसए) के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। जहां विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोरबा श्रीमती गरिमा शर्मा, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोरबा डॉ. ममता भोजवानी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा द्वारा नए कानून की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर के साथ कोरबा पुलिस के सभी राजपत्रित एवं गैर राजपत्रित अधिकारी सहित कुल 131 विवेचक सम्मिलित हुए। कार्यशाला का उद्देश्य नवीन कानूनों के प्रावधानों की व्यावहारिक समझ को सुदृढ़ करना तथा विवेचना में आ रही जमीनी समस्याओं का समाधान करना था। कार्यशाला में चर्चा के दौरान विवेचना में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को न्यायिक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। यह संवादात्मक सत्र प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।



बैठक में उपस्थित न्यायाधीश एवं पुलिस।

## आलमारी के रुप में किया जाना था उपयोग, 10 बाई 15 साइज की आलमारी

# डीएमएफ से 46 स्कूलों में भेजी गई कॉम्पेक्ट आलमारी, नहीं हो रही उपयोग



कॉम्पेक्ट आलमारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष डीएमएफ से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूलों में भेजी गई 5 लाख की लागत वाली कॉम्पेक्ट आलमारी का उपयोग स्कूलों में नहीं हो रहा है। कई स्कूलों में उक्त कॉम्पेक्ट आलमारी धूल खा रही है। भौतिक सत्यापन से सामने आ रही उपयोग की हकीकत।

पिछले वर्ष समग्र शिक्षा के माध्यम से स्कूलों में कॉम्पेक्ट आलमारी की आपूर्ति डीएमएफ से की गई थी। स्वामी आत्मानंद हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में उक्त कॉम्पेक्ट आलमारी को भेजा गया था। जिसकी साइज 10 फुट चौड़ी और 15 फुट लंबी बताई गई है। 5 लाख की कीमत वाली उक्त कॉम्पेक्ट आलमारी को 46 स्कूलों में सप्लाई की गई थी। इसमें से आधे से अधिक स्कूलों ⏭ शेष पेज 2 पर

### ऐसे होता है इसका उपयोग

स्कूल के जिस कमरे में कॉम्पेक्ट आलमारी को सेट किया गया है उसके पहले उस कमरे में आलमारी को आगे पीछे करने के लिए फर्श में ट्रैक सेट किया गया है। इसकी वजह से कॉम्पेक्ट आलमारी को केवल एक जगह ही उपयोग किया जा सकता है। उसके लिए तकनीकी कर्मचारी बुलाए जाते हैं। सप्लायर के द्वारा कुछ स्कूलों में कर्मचारी भेजकर इसे स्कूल के कमरों में सेट किया गया है। अभी कुछ ऐसे स्कूल है जो भौतिक सत्यापन के द्वारा इसके उपयोगहीन होने की रिपोर्ट दिए हैं। उसके बावजूद स्कूल प्रबंधन पर उपयोग के लिए दबाव बनाया गया है।

### और भी सामग्रियों की हुई है सप्लाई

कॉम्पेक्ट आलमारी के अलावा और भी सामग्रियों की आपूर्ति स्कूल में हुई है, इनमें खेल सामग्री प्रमुख रुप से शामिल हैं जिनका अगर भौतिक सत्यापन किया जाए तो यह खेल सामग्री भी खेल मापदंडों के अनुरुप नहीं है। उसके बावजूद इन खेल सामग्रियों के दबावपूर्वक आपूर्ति की गई। इसे लेकर भी स्कूल प्रबंधन पर दबाव बनाया था। आज भी उक्त खेल सामग्री धूल खा रही है।

### आवश्यकता वाले स्कूलों में भेजी जाएगी

हाई स्कूल में कमरे कम होने के कारण थोड़ी समस्या सामने आई है। इस वजह से जिन स्कूलों में इसकी आवश्यकता होगी वहां कॉम्पेक्ट आलमारी को भेजा जाएगा।

\- **टीपी उपाध्याय,** डीईओ

### हैवी ब्लास्टिंग से मकान के अंदर गिरा पत्थर बाल बाल बचा परिवार

**हरदीबाजार।** ग्राम आमगांव दर्राखांचा निवासी राजू राठौर निवास पर शुक्रवार को लगभग 3 बजे एसईसीएल दीपका खदान से हैवी ब्लास्टिंग होने की वजह से मकान में लगा टीन को पत्थर तेज गति से होते हुए घर के अंदर पत्थर जा गिरा। वहीं दूसरे कमरे में बैठे परिवार बाल बाल बच गए बताया जाता है कि इस तरह से हैवी ब्लास्टिंग का नजारा रोजाना होता है जो की हैवी ब्लास्टिंग के समय लोग घर से बाहर निकल जाते हैं लेकिन शुक्रवार को अचानक हैवी ब्लास्टिंग होने के कारण घर में ही परिवार के साथ थे जिसकी सूचना तत्काल एसईसीएल के कर्मचारियों को दिया गया। आमगांव दर्राखांचा की मकान मौजा राशि दे दी गई है।

## खबर संक्षेप



### छात्राएं ले रहीं रिटेल स्टोर संचालन का प्रशिक्षण

**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा ट्रेनिंग पार्टनर अपग्रेड के तहत इस वर्ष रिटेल के 9वीं की छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती सुमिता चौधरी के मार्गदर्शन में रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में ग्रीष्मकालीन गतिविधि के दौरान ऑन जॉब ट्रेनिंग कराया जा रहा है। ऑन जॉब ट्रेनिंग का उद्देश्य छात्राओं को रिटेल व्यवसाय से संबंधित प्रायोगिक कार्य जिसमें पीओएस पर कार्य करना, कस्टमर हैंडलिंग, टैगिंग लेबलिंग, प्रोडक्ट डिस्प्ले, इन्वेंट्री मैनेजमेंट आदि से संबंधित जानकारी देना है। इसके अंतरगत कक्षा 9वी की छात्राएँ जिनका जॉब रोल स्टोर संचालन सहायक है, रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में स्टोर मैनेजर कारण गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्य करने के तरीकों को सीख रहे हैं। रिटेल क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए इन सभी गतिविधियों से छात्राओं को अपना भविष्य बनाने में सहायता मिलेगी।

### संविदा शिक्षकों को 30 दिन आकस्मिक अवकाश देने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों को 30 दिवस आकस्मिक अवकाश एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश दिए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए संविदा शिक्षकों को भी उक्त सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 2012 के अंतर्गत नियुक्त संविदा कर्मचारियों को प्रतिवर्ष मिलने वाले आकस्मिक अवकाश को बढ़ाकर 30 दिन कर दिया गया है। यह अधिसूचना राजपत्र में भी प्रकाशित की जा चुकी है। जिले के शिक्षकों ने मांग की है कि अन्य जिलों की भांति यहां भी संविदा शिक्षकों को समान सुविधा दी जाए, जिससे कार्य संतोषजनक ढंग से संपन्न हो सके और शिक्षकों में असंतोष की भावना उत्पन्न न हो। आवेदन में जिला शिक्षा अधिकारी से अपील की गई है कि कोरबा जिले के अंतर्गत संचालित सभी स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उक्त अधिसूचना का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाए।

### शासकीय महाविद्यालय हरदीबाजार में एल्युमनी मीट कार्यक्रम



**कोरबा।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के सन 1998-99 बैच के भूतपूर्व छात्रों एवं प्राध्यापकों का स्नेह सम्मेलन बिलासपुर के होटल बंशीवाल में संपन्न हुआ। आयोजन स्थल में सुबह से ही मित्रों का जमावड़ा शुरू हो गया था, यहाँ कोरबा,दीपका, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर,जांजगीर सहित विभिन्न स्थानों पर विविध विभागों में पदस्थ मित्रों का सपरिवार आगमन हुआ। यहां तक कि उक्त आयोजन की जानकारी मिलने पर अपने पुराने सहपाठी मित्रों व गुरुजनों से मिलने की लालसा में भाई-बहन की जोड़ी, संजीव शर्मा सिंगापुर बैंकिंग तथा मंजू शर्मा लंदन से आकर इस आयोजन का हिस्सा बने। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. टीडी वैष्णव एवं प्राध्यापकगण डॉ.आईके कौशिक (पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी), डॉ.केके दुबे (विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान), डॉ.अखिलेश पांडेय (विभागाध्यक्ष अंग्रेज़ी), महेश वर्मा (विभागाध्यक्ष गणित), अशोक मिश्रा (ग्रंथपाल) भी सपरिवार अपने प्रिय भूतपूर्व छात्रों के स्नेह से भीगे आमंत्रण पर उक्त आयोजन में सम्मिलित हुए।

### सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू शांतिनगर हाउसिंग बोर्ड निवासी श्रवण कुमार राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लगभग 3 माह पूर्व वह अपने परिवार के साथ क्वाटर नंबर 679 सेक्टर 5 बालको में रहता था। नये मकान हाउसिंग बोर्ड में सिफ्ट होने पर कुछ सामान को श्रवण कुमार व उसका परिवार सिफ्ट नहीं कर पाये थे तो क्वाटर नंबर 679 सेक्टर 5 बालको के मकान में ताला बंद करके रखे थे। बीच बीच में उक्त मकान में आना जाना करते थे। 16 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे जब श्रवण कुमार ने मकान में जाकर देखा तो दरवाजा खुला था और घर में रखे एचपी कंपनी का लेपटाप, 20 नग नया साडी, रूम हीटर, डिनर सेट को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था। श्रवण की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## उरगा थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# जमीन अधिग्रहण में मिला था 22 लाख का मुआवजा, रिश्तेदार ने किया गबन, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन अधिग्रहण में मिली 22 लाख रुपए की राशि को गबन करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के नैला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमंदी निवासी मोहन बिंझवार उम्र 60 वर्ष पिता स्व. रामभरोस बिंझवार ने उरगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहन बिंझवार अपने माता पिता के तीन पुत्र थे, पुत्री नहीं थे। माता पिता के पैतृक संपत्ति कृषि कार्य भूमि ग्राम पुरैना में 10.50 एकड़ भूमि स्थित है जिसका खसरा नं. 1268/02 जो तीनों भाई के नाम पर पटवारी रिकार्ड व राजस्व विभाग के मुताबिक सामूहिक खाता है, पूर्व में भी सामूहिक खाता भी था। मोहन के बड़े भाई हरप्रसाद बिंझवार वर्तमान में सन्‌ 2024 में मौत हो गया है, दूसरा नंबर का बड़ा भाई शिवप्रसाद बिंझवार की वर्ष 2023 में मौत हो चुका है। अब वर्तमान में सिर्फ मोहन बिंझवार बचा है। मोहन के दोनों बड़े भाई हरप्रसाद बिंझवार का एक पुत्र राजेन्द्र बिंझवार है तथा दूसरे भाई शिवप्रसाद बिंझवार के तीन पुत्र राजकुमार बिंझवार, दिलकुमार बिंझवार एवं दिलेश्वर बिंझवार है। मोहन के शामिलाती भूमि खसरा नंबर 1268/02 में से केवल 22 डिस्मील का अधिग्रहण शासन के द्वारा किया गया तथा मुआवजा राशि 22 लाख 48 हजार 646 रुपए स्वीकृत हुआ। शामिलात खाता होने की वजह से हरप्रसाद बिंझवार के व्यक्तिगत खाता आईसीआईसी बैंक शाखा कोरबा में 29 दिसंबर 2022 को मुआवजे की समस्त रकम 22 लाख 48 हजार 646 रूपये जमा हुआ था। हरप्रसाद बिंझवार के बैंक में अपने साला विशाल के पुत्र जगदीश बिंझवार का मोबाईल नं 969193035 दर्ज कराया था। बिरतराई निवासी जगदीश बिंझवार के द्वारा उक्त जमा राशि 22 लाख 48 हजार 646 रुपए को 29 दिसंबर 2022 को ही लगातार अमरनाथ खाण्डे को, हरप्रसाद से मनमोहन के खाता में 2 लाख रूपये ट्रांसफर हुआ है। इस तरह विभिन्न किश्तों में जगदीश बिंझवार ने अलग अलग खाता में रकम का स्थानांतरण कर दिया है। प्रार्थी मोहन बिंझवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने जगदीश बिंझवार, अमरनाथ खांडे, मनमोहन बिंझवार, रामेश्वरी के विरुद्ध धारा 420 , 406 , 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी मनोज कुमार यादव पिता महेश राम यादव ने चौकी में रिपोर्ट लिखाई है कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र के गायत्रीनगर पोखरी निवासी दानिश खान पिता स्व० अनवर खान के द्वारा मनोज कुमार से अक्टुबर 2022 में धान खरीदी केन्द्र में कम्प्युटर आपरेटर के नौकरी लगवाने के नाम पर मनोज कुमार से 1 लाख 70 हजार रुपए नगद लिया और दो माह बाद फोन पे से 5 हजार रुपए और लिया है। 2 वर्ष बीतने के बाद भी दानिश खान के द्वारा मनोज कुमार यादव की ना तो नौकरी लगवाई गई और ना ही उसके रकम को वापस किया गया। मनोज कुमार यादव की रिपोर्ट पर पुलिस ने दानिश के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### लोन दिलाने के नाम पर सवा लाख की ठगी

आरामशीन निवासी पुनीदास महंत उम्र 34 वर्ष पिता छतदास महंत ने मानिकपुर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके द्वारा पोल्ट्री फार्म खोलने के लिए कई शासकीय विभागों और वित्तीय संस्थानों में लोन के संबंध में जानकारी चाही गई। इसी दौरान पुनीदास की मुलाकात जिला पंचायत कोरबा में कृष्णा कोसले से हुई। कृष्णा कोसले द्वारा पुनीदास को बैंक से लोन दिला देने का आश्वासन दिया गया और 20 लाख रुपये का लोन के लिए लिए 1 लाख 20 हजार रुपये बैंक मैनेजर को देना पड़ेगा कहा गया। तब पुनीदास के द्वारा उक्त लोन की राशि पाने के लिए कृष्णा कोसले को 20 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से 2 सितंबर 2024 को दिया गया और 11 सितंबर 2024 को 1 लाख रुपये नगद कृष्णा कोसले को बुधवारी घोड़ा चौक से गुरुघासीदास चौक जाने वाले रोड में सिसोदिया अस्पताल के सामने दिया गया। जिसका वीडियो पुनीदास के पास है। इसके बाद कृष्णा कोसले के द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी पुनीदास को किसी भी बैंक से लोन नहीं दिलवाया। तब कृष्णा कोसले से संपर्क कर लोन के संबंध में पूछे जाने पर उसके द्वारा आज-कल में लोन दिला दूंगा कहकर टालते रहा और 4-5 माह बीत जाने के बाद भी कृष्णा कोसले ने पुनीदास को लोन नहीं दिलाया। इसके बाद पुनीदास कृष्णा कोसले को 6 अप्रैल को उसके मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो उसके द्वारा मेरा कॉल उठाना बंद कर दिया। पुनीदास की रिपोर्ट पर पुलिस ने कृष्णा कोसले के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# सड़क पर कब्जा कर लगाई गई कबाड़ी दुकान सील


अवैध कबाड़ दुकान पर कार्रवाई करता निगम का जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रशासन ने अवैध कबाड़ व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई की है। झगरहा इलाके में कबाड़ी मदन जायसवाल ने मुख्य सड़क तक अपना कबाड़ फैला रखा था। इससे यातायात बाधित हो रहा था और क्षेत्र की सुंदरता भी प्रभावित हो रही थी। स्थानीय लोगों ने पहले कबाड़ी से स्थिति सुधारने को कहा। लेकिन जब कोई सुधार नहीं हुआ, तो उन्होंने प्रशासन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कबाड़ यार्ड के संचालन की जांच की। सड़क पर रखे कबाड़ को जब्त कर चालान काटा गया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मानिकपुर चौकी क्षेत्र के रामनगर मुख्य मार्ग पर भी एक कबाड़ी ने सड़क पर कब्जा कर रखा था। वह भारी वाहनों को भी सड़क पर खड़ा करता था। वार्ड 29 के पार्षद गोपाल कुर्रे की शिकायत पर वहां भी कार्रवाई की गई। यह मामला एसडीएम कार्यालय भेजा गया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से अन्य अवैध कबाड़ व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि अब क्षेत्र में सफाई बनी रहेगी और यातायात सुचारू रूप से चलेगा।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंपहाउस बस्ती का मामला

# कटघोरा नगर में अहिरन नदी बनी परेशानी का सबब


अहिरन नदी में समाहित होता दूषित पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के लोगों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मध्य बहने वाली अहिरन नदी अब समस्या का कारण बन गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा अहिरन नदी के बहाव को कृत्रिम रूप से रोका जा रहा है, जिसके चलते नदी का पानी सड़ने लगा है। इससे आसपास के इलाकों में तेज बदबू और मच्छरों का प्रकोप बेतहाशा बढ़ गया है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है।

नगर के कारखाना क्षेत्र और आस-पास के रहवासी इलाकों में रहने वाले लोग बदबू और गंदगी से बेहद परेशान हैं। लोगों का कहना है कि जब से नगर के पुरानी बस्ती से लेकर अहिरन नदी तक नाली का निर्माण किया गया है, तब से नगर का सारा गंदा पानी इसी नदी में गिर रहा है। पहले नदी का बहाव खुला रहता था, जिससे गंदा पानी बह जाता था। लेकिन अब नदी का बहाव रोक देने से ये पानी वहीं रुक जाता है और उसमें सड़ांध उत्पन्न हो जाती है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब यह मालूम चलता है कि कसनिया व जुराली गांव के कुछ किसान इसी गंदे पानी में अपनी सब्जियों को धोकर उन्हें बाजार में बेच रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। यदि यह सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो यह डायरिया, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस मुद्दे को लेकर नगर पालिका कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। लोगों की मांग है कि अगर नदी का बहाव रोका गया है, तो उसे कम से कम हर दो-तीन दिनों में खोलकर पानी का प्रवाह शुरू किया जाए, ताकि पानी जमा न हो और उसमें दुर्गंध और मच्छरों की उत्पत्ति न हो सके। जल स्वच्छता के लिए जिला स्तर पर स्वच्छता कमेटी का गठन किया गया है। इसके अलावा ब्लॉक मुख्यालय में कमेटी गठित कर नदियों की स्वच्छता के लिए निर्देश जारी किया गया है।

**खास बात**

- गंदा पानी रोकने से बढ़ी बदबू और मच्छरों का बढ़ा आतंक

### प्रशासन से समाधान की मांग

नगरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से आग्रह किया है कि इस गंभीर समस्या का त्वरित समाधान निकाला जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो लोग प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से भी अपेक्षा की जा रही है कि वह जांच कर किसानों द्वारा उपयोग किए जा रहे पानी की स्थिति का मूल्यांकन करे और जरूरत पड़ने पर उचित कदम उठाए।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का जमीनी स्तर पर निराकरण करने पहुंचे आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं अन्य।

निगम आयुक्त ने सुशासन तिहार के तहत आमजन की विभिन्न मांगों व शिकायतों समस्याओं के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों का जमीनी स्तर पर अब तक क्या निराकरण किया गया। आयुक्त ने समस्याओं का निराकरण एवं परीक्षण करने निगम के जोन कार्यालय पहुंचे तथा बचे आवेदनों का समयसीमा में निराकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत आमनागरिकों द्वारा अपनी मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से इन आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय शुक्रवार को औचक रूप से निगम के टीपी नगर जोन कार्यालय पहुंचकर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यप्रगति की सघन रूप से समीक्षा की। श्री पाण्डेय ने अशोक वाटिका के सामने से वार्ड क्र. 14 झरनापारा होते हुए मैंगजीनभांठा तक बडे.नाले का निर्माण कराया जा रहा है, इस नाले के निर्माण से उक्त क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों के साथ उक्त निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण किया। सीतामणी क्षेत्र का भ्रमण किया, मुख्य मार्गों व बस्तियों का पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था, अवैध कब्जा व अतिक्रमण सहित अन्य व्यवस्थाओं व समस्याओं का निरीक्षण किया, वहाँ की छोटी-बड़ी समस्याओं को जाना। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाने, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को लगातार प्रभावी रखते हुए शत प्रतिशत घरों से कचरे का संग्रहण सुनिश्चित करने निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों में अस्थाई प्याऊ घर संचालित कराए जा रहे हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इन अस्थाई प्याऊ घरों का निरीक्षण किया, वहाँ की व्यवस्था को देखा तथा प्याऊ घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा घडों में प्रतिदिन शुद्ध व ताजा पेयजल भरकर रखने, प्रतिदिन घडों का पानी बदलने आदि के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस पर किया गया विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


शिविर में उपस्थित छात्र छात्राएं।

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू की उपस्थिति में शुक्रवार को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्री सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी, साइबर क्राईम, नेटवर्क मार्केट फ्राड, मनी लॉन्डरिंग फ्राड एवं पैसे का सही रख रखाव के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। श्री साहू ने कहा कि व्यवस्थित तरीके से खर्च के साथ पैसे बचाना वित्तीय साक्षरता है। पैसा लेन देन का माध्यम है, जिससे समान, सेवाएं आदि चीजें प्राप्त की जा सकती है। घर के बिलों का भुगतान किया जा सकता है। वित्त के अंतर्गत पैसे से संबंधित सभी चीजे शामिल है। जैसे पैसे का प्रबंधन, पैसा बनाना एवं पैसे के बारे में जानकारी देना। वह सक्षमता जिससे पैसे को संभालने का कौशल विकसित हो, पैसे के बारे में जानकारी हो, पैसे को समझदारी से संभालने की जानकारी विकसित हो, वित्तीय साक्षरता कहलाता है। वित्तीय साक्षरता कमाई और खर्च के बीच संतुलन, बजट प्रबंधन, बचत, स्मार्ट निवेश सीखने, पैसे सुरक्षित रखने, कर्ज से बचने एवं खराब निवेशकों से बचने की तकनीक के लिए आवश्यक है। कु0 डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कहा कि वित्तीय साक्षरता से पैसे की अवधारणा और अच्छी वित्तीय आदतें, वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य की योजना का महत्व, आमदनी के प्रबंधन, खर्चों की समझ और निवेश आरंभ करने से संबंधित जानकारी प्राप्त होती है। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा पुलिस एफ.आई.आर., नालसा स्कीम, निःशुल्क विधिक सहायता, डिजिटल अरेस्ट, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, साइबर क्राईम, साइबर कानून के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया। बैंकिंग सेक्टर से एसबीआई आरसेटी कोरबा से ट्रेनर श्रीमती सलंजना विश्वाल के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जिसका सलाना प्रीमियम 20 रुपए है व इसका लाभ व बचत योजना के तहत अटल पेंशन योजना, केसलेस ट्रांजेक्शन के गोपनीय सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

**खास बात**

- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ शिविर

# युवक की फंदे में मिली लाश मोबाइल पर लिखा सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक को लंबे समय से तीन युवक प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने मोबाइल से ही सुसाइड नोट लिखकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मौके से मृत युवक की मोबाइल की जप्ती कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस झोपड़ी निवासी मुकेश साहू के पुत्र शुभम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो आत्महत्या से पहले युवक ने मोबाइल में एक सुसाइड नोट लिखा, जिसमें तीन युवकों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया। पूछताछ में पता चला है कि मामला पैसों के लेनदेन से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि शुभम पेट शॉप में काम करता था। पुलिस ने शुभम के मोबाइल को जप्त कर लिया है और मामले की बारीकी से जांच कर रही है।








